भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना
ICAR Research Complex for Eastern Region, Patna

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली तिमाही बैठक संपन्न

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 05.05.2022 को संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली तिमाही बैठक का आयोजन किया गया | बैठक का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि हमारा संस्थान 'क' क्षेत्र में आता है और हम सभी हिंदी भाषा की जानकारी रखते हैं | यह हमलोगों की अनन्य जिम्मेदारी है कि हम अपने सभी कार्यालयीन कार्य 100% हिंदी में ही करें, ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा कर सकें | उन्होंने सभी वैज्ञानिकों को सरल हिंदी का प्रयोग करते हुए कृषि से संबंधित तकनीकों को संकलित एवं प्रकाशित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया |

निदेशक महोदय ने संस्थान की हिंदी पत्रिका अक्षय खेती को नवीन कलेवर के साथ प्रस्तुत करने पर विशेष बल दिया, जिसकी जिम्मेदारी डॉ. अनिल कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवं समिति के सदस्यों को दी गई |

डॉ. उपाध्याय ने संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जहां कमियां हैं उस पर ध्यान दें और उसे यथाशीघ्र दूर करें । बैठक में डॉ. अनिल कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक; श्री पुष्पनायक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी; श्री उमेश कुमार मिश्र, हिंदी अनुवादक सहित संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अन्य सदस्य एवं प्रशासनिक अनुभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद थे |

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य सचिव

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यगण